# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 फरवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह बीस फरवरी तक चलेगा। सत्र के दौरान ग्यारह फरवरी को सुबह ग्यारह बजे प्रदेश सरकार विधानमण्डल के दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेगी। सत्र की शुरूआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी, जिसमें दोनों सदनों के सदस्यों की उपस्थिति रहेगी।

***उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल सुबह 11 बजे राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। राज्यपाल दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद औपचारिक कार्य होंगे। 10 फरवरी को विधानसभा सदस्यों के निधन संबंधी सूचना पढ़े जाने के बाद कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाएगा। बजट सत्र के दौरान कई अध्यादेशों को भी पेश किया जाएगा। बजट पेश होने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी। 12 फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी रहेगी। 13 फरवरी को चर्चा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पर अपना जवाब पेश करेंगे। 16 से 20 फरवरी तक सदन में विभागीय बजट प्रस्तावों पर चर्चा होगी। बजट सत्र को लेकर विधान भवन के आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। विधान भवन के सामने की मुख्य सड़क और अन्य मार्गों पर यातायात डायवर्जन भी लागू रहेगा। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

उधर, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बजट सत्र को लेकर आज सर्वदलीय बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कल बजट सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने पर सहमति बनाना था। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहे।

**********

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित आयकर नियमों और प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयकर अधिनियम–2025 को पिछले वर्ष अगस्त में राष्ट्रपति ने स्वीकृति दे दी थी। यह इस वर्ष पहली अप्रैल से लागू होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बाद प्रदेश भर में चाइनीज मांझे के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गयी है। चाइनीज मांझे की बिक्री और भण्डारण न होने पाए, इसके लिये गोरखपुर सहित कई जिलों में दुकानों की जांच का अभियान चल रहा है। गोरखपुर के जिला प्रशासन के अनुसार जिस भी दुकान पर चाइनीज मांझे की बिक्री होती पाई गयी, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

**********

प्रदेश सरकार एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार छब्बीस–जेईईसीयूपी के तहत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीस अप्रैल दो हजार छब्बीस निर्धारित की गयी है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थियों को विभाग की अधिकृत वेबसाइट को देखने की सलाह विभाग की ओर से दी गई है।

**********

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जोर–शोर से तैयारी चल रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी शिव मंदिरों और शिवालयों को सजाया–संवारा जा रहा है। वाराणसी में इसे लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वहां पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये विभिन्न विभागों के कार्यों का चिन्हांकन कर दिया गया है। सभी सम्बन्धित विभाग को तैयारियों से जुड़े आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये। वाराणसी जिला प्रशासन ने काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिये सुरक्षित और सुव्यवस्थित दर्शन उपलब्ध कराने को लेकर प्रतिबद्धता जतायी गयी।

**********

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजित पवार की अस्थियां आज प्रयागराज के संगम तट पर विधि–विधान से पूजन के बाद विसर्जित की गयी। उनके पुत्र जय पवार अपने परिवार के साथ अस्थि कलश लेकर प्रयागराज आये थे। एक विमान हादसे में पिछली अट्ठाइस जनवरी को महाराष्ट्र के बारामती में अजित पवास की मृत्यु हो गयी थी।

**********

कुशीनगर जिले के हाटा कस्बे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े ट्रेलर से भिड़ गयी, जिसके चलते कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार सभी कार सवार हाटा नगर पालिका क्षेत्र के रहने वाले थे और वह कल देर रात मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। घायलों को इलाज के लिये गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और दुर्घटना से प्रभावित लोगों की मदद का निर्देश दिया है।

**********